हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक

# भव्य प्रभात

खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 16, अंक 329 | 01 दिसम्बर 2023 शुक्रवार हाथरस | पृष्ठ 8 | मूल्य–2/–रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये

# मैं संकल्प यात्रा लेकर निकला हूं: पीएम

**● मोदी बोले– पहले की सरकारें खुद को माई–बाप समझती थीं, सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं, किसान, इनको मजबूत बनाकर भारत को विकसित बनाएंगे**



**मैं जो ये संकल्प यात्रा लेकर निकला हूं, इसके पीछे मेरा मकसद यही है कि जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है, उनके अनुभव जानना है और जिनको नहीं मिला उन्हें पांच साल में उन योजनाओं का लाभ देना है। इसलिए देश के हर गांव में मोदी के विकास की गारंटी की गाड़ी पहुंचने वाली है।**

**-पीएम मोदी**

नई दिल्ली,(एजेंसी)। पीएम मोदी ने कहा कि जब ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षण देने की शुरुआत की गई तो इस योजना को लेकर बहुत से लोगों ने संदेह जताया था। रमन अम्मा जैसी महिलाओं ने साबित कर दिया कि ड्रोन कृषि में तकनीक के दायरे से आगे बढ़कर महिला सशक्तिकरण का एक प्रतीक बनकर उभरेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 'प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र' के साथ ही देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10,000 से बढ़ाकर 25,000 करने की परियोजना की शुरुआत की। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शविकसित भारत संकल्प यात्राश के लाभार्थियों के साथ बातचीत करने के कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने झारखंड के देवघर में 10,000वें जन औषधि केंद्र को जनता के लिए समर्पित किया। अच्छी दवाई और सस्ती दवाई. .. पीएम मोदी ने कहा, श्अच्छी दवाई और सस्ती दवाई ये बहुत बड़ी सेवा है। जितने लोग मुझे सुन रहे हैं, उनसे मेरा आग्रह है कि जनऔषधि केंद्र के बारे में लोगों को बताइए। दवाइयों पर जो खर्चा पहले 12–13 हजार का होता था, वह जनऔषधि केंद्र की वजह से सिर्फ 2–3 हजार हो रहा है यानी 10 हजार रुपये आपकी जेब में बच रहे हैं।श रमन अम्मा जैसी महिलाओं ने साबित किया उन्होंने कहा कि जब ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षण देने की शुरुआत की गई तो इस योजना को लेकर बहुत से लोगों ने संदेह जताया था। रमन अम्मा जैसी महिलाओं ने साबित कर दिया कि ड्रोन कृषि में तकनीक के दायरे से आगे बढ़कर महिला सशक्तिकरण का भी एक प्रतीक बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी पूरे देश के लिए एक प्रेरणा हैं। विकसित भारत की इस संकल्प यात्रा में आप जैसी महिलाओं की भागीदारी बहुत ही अहम है। मैं संकल्प यात्रा लेकर निकला हूं मोदी ने कहा, मैं जो ये संकल्प यात्रा लेकर निकला हूं, इसके पीछे मेरा मकसद यही है कि जिनको सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है, उनके अनुभव जानना है और जिनको नहीं मिला उन्हें पांच साल में उन योजनाओं का लाभ देना है। इसलिए देश के हर गांव में श्मोदी के विकास की गारंटीश की गाड़ी पहुंचने वाली है। संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे हो रहे उन्होंने कहा, श्आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के 15 दिन पूरे हो रहे हैं। हमने इस गाड़ी का नाम रखा था शविकास रथश, लेकिन इन 15 दिनों में लोगों ने इसका नाम बदल कर श्मोदी की गारंटी वाली गाड़ीश रख दिया है। ये जानकर अच्छा लगा कि आपको मोदी पर इतना विश्वास है। मैं भी आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपको दी हुई सभी गारंटियों को मैं पूरा करूंगा।श मोदी की गारंटी वाली गाड़ी केंद्र की कई योजनाओं के, ओडिशा के एक लाभार्थी से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी है और गांव–गांव जा रही है। उन्होंने उक्त लाभार्थी से आग्रह किया कि उन्हें अब देश को विकसित बनाने में योगदान का संकल्प लेना चाहिए और इस अभियान में गांव के लोगों को भी जोड़ना चाहिए। 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे इससे पहले एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री का निरंतर प्रयास रहा है और इस दिशा में एक और कदम उठाते हुए मोदी ने 'प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र' की शुरुआत की है।

## मोदी की गारंटी वाली गाड़ी


● केंद्र की कई योजनाओं के, ओडिशा के एक लाभार्थी से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी है और गांव-गांव जा रही है। उन्होंने उक्त लाभार्थी से आग्रह किया कि उन्हें अब देश को विकसित बनाने में योगदान का संकल्प लेना चाहिए और इस अभियान में गांव के लोगों को भी जोड़ना चाहिए।

## 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे

● इससे पहले एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री का निरंतर प्रयास रहा है और इस दिशा में एक और कदम उठाते हुए मोदी ने 'प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र' की शुरुआत की है। इस योजना के तहत अगले तीन वर्षों के दौरान महिला स्वयं सहायता समूहों को 15,000 ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे और साथ ही महिलाओं को ड्रोन उड़ाने और उपयोग करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

# एग्जिट पोल चाहे कुछ भी कहें, कांग्रेस बनाएगी सरकार: गहलोत

उदयपुर,(एजेंसी)। गहलोत ने आगे कहा कि पहला कारण यह है कि सरकार के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है, ऐसा विशेषज्ञ भी कह रहे हैं। दूसरे हैं सीएम। बीजेपी के वोटर भी यही कहेंगे कि सीएम ने विकास कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। राजस्थान में 200 में से 199 विधानसभा सीटों के लिए मतदान हो चुके हैं। 25 नवंबर को राज्य में एक चरण में चुनाव हुए। राजस्थान में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। राजस्थान चुनाव के नतीजे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना के साथ ही 3 दिसंबर को आएंगे। राजस्थान में कांग्रेस के समक्ष सत्ता बचाने की बड़ी चुनौती है और भाजपा से उसे कड़ी टक्कर भी मिल रही है। इन सब के बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल चाहे कुछ भी कहें, राजस्थान में कांग्रेस सरकार बनाएगी। पांचों राज्यों में से किसी में भी बीजेपी नहीं जीत रही है। राजस्थान में जनता हमारी सरकार दोहराएगी और इसके 3 कारण हैं।



सत्ता विरोधी लहर नहीं गहलोत ने आगे कहा कि पहला कारण यह है कि सरकार के खिलाफ कोई सत्ता विरोधी लहर नहीं है, ऐसा विशेषज्ञ भी कह रहे हैं। दूसरे हैं सीएम। बीजेपी के वोटर भी यही कहेंगे कि सीएम ने विकास कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। तीसरी है प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, भाजपा मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा। वह भाषा किसी को पसंद नहीं आयी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव में भाजपा ने धर्म की आड़ में डरावनी और तनाव भरी बातें कीं। अगर भाजपा का धर्म का कार्ड चल गया तो अलग बात है।

# कुछ लोग विकास के एजेंडे को पीछे धकेलना चाहते हैं: मुख्यमंत्री योगी

**● विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले सीएम योगी– जाति और मजहब के नाम पर देश को बांटने वाले विकास के विरोधी**

**"कुछ लोग देश का विकास नहीं चाहते हैं। वह परिवारवाद, जातिवाद, मत और मजहब के आधार पर समाज को बांटने का कुत्सित प्रयास कर विकास के एजेंडे को पीछे धकेलना चाहते हैं। इससे हम सभी को बाहर आना होगा तभी गरीब के चेहरे पर उसके सपनों की खुशहाली लाई जा सकेगी। उन्होने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साढ़े नौ वर्षों में अपने महत्वपूर्ण निर्णयों, दूरदर्शी सोच एवं योजनाओं से देश भर में जो माहौल बनाया है।**

**-मुख्यमंत्री योगी**



लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसी खास राजनीतिक दल का नाम लिये बगैर कहा कि कुछ लोग परिवारवाद, जातिवाद, मत और मजहब के आधार पर समाज को बांटने का कुत्सित प्रयास कर विकास के एजेंडे को पीछे धकेलना चाहते हैं। श्री योगी ने भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुये गुरुवार को कहा कि कुछ लोग देश का विकास नहीं चाहते हैं। वह परिवारवाद, जातिवाद, मत और मजहब के आधार पर समाज को बांटने का कुत्सित प्रयास कर विकास के एजेंडे को पीछे धकेलना चाहते हैं। इससे हम सभी को बाहर आना होगा तभी गरीब के चेहरे पर उसके सपनों की खुशहाली लाई जा सकेगी। उन्होने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साढ़े नौ वर्षों में अपने महत्वपूर्ण निर्णयों, दूरदर्शी सोच एवं योजनाओं से देश भर में जो माहौल बनाया है, वह किसी भारतीय से छिपा नहीं है। इस संकल्प में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं काफी सहायक बनी हैं, जिसका भव्य रूप आज हम सभी को देखने को मिल रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आने वाले कुछ वर्षों में विकसित भारत की संकल्पना को स्थापित करेगी।

# टी0बी0यूनिट के माइक्रोप्लान को तत्काल नि:क्षय पोर्टल पर अपलोड करें

(भव्य प्रभात)
हाथरस । सक्रिय क्षय रोग खोज अभियान (23 नबम्वर से 05 दिसम्बर, 2023 तक) राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत डा0 मंजीत सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता एवं डा0 प्रवीन कुमार भारती, जिला क्षय रोग अधिकारी के निर्देशन तथा राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक श्री प्रवेन्द्र सिंह की उपस्थिति में ए0सी0एफ0 में कार्य करने वाले समस्त सुपरवाईजर एवं एन0टी0ई0पी0 के समस्त कर्मचारियों की सांय कालीन समीक्षा बैठक का आयोजन सांयः 04 बजे से जिला क्षय रोग केन्द्र, हाथरस पर किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी, हाथरस एवं राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक द्वारा दिनांकः 23 से 28 नवम्बर, 2023 तक के ए0सी0एफ0 डाटा की गहन समीक्षा की गई, जिसमें समस्त टी0यू0 पर खोजे गये समस्त संभावितों के सापेक्ष बलगम जांच कम पायी गयी, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सुपरवाईजर एवं एन0टी0ई0पी0 कर्मचारियों को शत–प्रतिशत जांचे कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया कि सभी अपने टी0बी0यूनिट के माइक्रोप्लान को तत्काल निःक्षय पोर्टल पर अपलोड करें।
बैठक के अंत में डा0 मंजीत सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा सभी ए0सी0एफ0 सुपरवाईजरों एवं एन0टी0ई0पी0 कर्मचारियों को इस ए0सी0एफ0 को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया एवं यह भी निर्देशित किया कि अपने–अपने क्षेत्र में टीम के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराये जिससे अपने जनपद को टी0बी0 मुक्त करने में सफलता प्राप्त हो सके।




# भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु की मनाई जयंती

हाथरस। सिकंदराराऊ में स्थानीय रेलवे मार्ग पर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रांगण में गुरुवार को भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु के जयंती के उपलक्ष्य में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ जगदीश चंद्र बसु के छायाचित्र के समक्ष पूर्व जिला संचालक राजेंद्र मोहन सक्सेना भौतिक विज्ञान प्रवक्ता विनोद पाराशर व एमआई इंटर कॉलेज के आचार्य अजब सिंह ने पुष्पांर्चन कर किया। तथा निर्णायक टीम में विनोद पाराशर, राजेंद्र मोहन सक्सैना, राधिका महेश्वरी ,प्रियांशी यादव ने अंको का निर्धारण करते हुए बाल वर्ग में प्रथम स्थान पर सचिन, आदित्य, दिव्यांशी ,वेदांत, प्रतीक तथा किशोर वर्ग में भूमि ,प्रियांशी, समीक्षा जैन , को चयनित कर छात्र–छात्राओं की प्रतिभा एवं विज्ञान के प्रति बढ़ती रुचि को सकारात्मक रूप देने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर विनोद कुमार पाराशर ने जगदीश चंद्र बसु की उपलब्धियां को सभी छात्रों के समक्ष रखा तथा बताया की विषम परिस्थितियों में जगदीश चंद्र बसु ने हार स्वीकार नहीं की विदेशी वैज्ञानिकों ने हर क्षण इनको हतोत्साहित किया। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और सिद्व किया कि पौधे में जीवन होता है। हमें अपने मश्तिष्क को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विकसित करना चाहिए। नई–नई तकनीकी अपने मस्तिष्क में विचार करके उन्हें धरातल पर उतरना चाहिए। इस अवसर कार्यक्रम के संयोजक शैलेन्द्र सिंह जादौन ने निर्णायक मण्डल का पटका पहना कर स्वागत किया ।




# ०२ अभियुक्तों को ०३-०३ वर्ष के कारावास व १०,००० रुपये के अर्थदंड की सुनाई सजा

हाथरस। थाना हसायन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 372꠶17 धारा 323꠶504꠶506꠶325 भादवि बनाम पुष्पेंद्र यादव पुत्र बनवारीलाल यादव निवासी कस्बा व थाना हसायन जनपद हाथरस व रामू यादव पुत्र लाखन सिंह निवासी मोहल्ला अहिरयान थाना हसायन में अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया ।गम्भीर अपराधों पर कठोरता से नियत्रंण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने हेतु शासन के दिशा निर्देशो के क्रम में तथा श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन में पैरवी हेतु चिन्हित अभियोगों को प्राथमिकता के आधार पर अपने निकट पर्यवेक्षण में मॉनीटरिंग सेल जनपद हाथरस के माध्यम से अभियोग का न्यायालय में विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही की गई तथा अभियोजन शाखा द्वारा भी प्रभावी पैरवी की गई । जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 29.11.2023 को माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीशधविशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवम् अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम द्वारा उक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्तगण पुष्पेंद्र एवम् रामू यादव उपरोक्त को धारा 323 सहपठित धारा 34 भादवि में 06–06 माह कारावास व 01–01 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई गई व धारा 325 सहपठित धारा 34 भादवि में 03–03 वर्ष कारावास एवं दस–दस हजार के अर्थदण्ड तथा ध ारा 506 भादवि में 06–06 माह कारावास एवं एक–एक हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है

# महिला नारी शक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हसायन। क्षेत्र के सीताराम सिंह इंटर कालेज गडौला में आपरेशन जाग्रति के दौरान महिला नारी शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया। क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार के द्वारा महिलाओं का उत्पीडन को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि महिला नारी शक्ति अब हर कार्य में बढ़–चढ़कर भागीदारी निभा रही है। सीओ ने कहा कि घर व बाहर होने वाले उत्पीडन को लेकर महिलाएं चौबीस घंटे में कोतवाली व डायल 112 पर शिकायत कर सहायता प्राप्त कर सकती है।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
**सम्पादक: अंजली शर्मा**
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com
**समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी. आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।**

छपाई छपाई
बिल बुक,लेटर पैड,पम्पलेट
पोस्टर,शादी कार्ड,अखबार
विभा प्रिंटर्स
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग,अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

### एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के तत्वावधान व यातायात पुलिस के सौजन्य से सड़क सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

# जागरूक नागरिक बनकर लोगों की जान बचाए : डॉ पीपी सिंह





(भव्य प्रभात)
हाथरस। जीवन की डोर जागरूकता की ओर। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के तत्वावधान व यातायात पुलिस के सौजन्य से यातायात माह के अंतिम दिन यातायात सड़क सुरक्षा जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन प्रेमरघु मेडिकल कॉलेज पर संपन्न हुआ
मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह,क्षेत्राधिकार नगर सुरेंद्र सिंह व सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के छविचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा के अच्छे नागरिक की पहचान घायल अवस्था में पड़े किसी भी व्यक्ति को त्वरित इलाज के लिए निकट अस्पताल में पहुंचाकर उसकी जान बचाने के रूप में होती है जिसमें मा. सुप्रीम कोर्ट व सरकार के दिशा निर्देशानुसार ऐसे लाने वाले व्यक्ति से बिना अनुमति के किसी भी प्रकार की पूछताछ नहीं की जाती है हमारी जागरूकता ही हमें सुरक्षित व स्वस्थ रखती है
क्षेत्राधिकार नगर सुरेंद्र सिंह ने कहा कि जब हम सड़क पर वाहन चलाते हैं तो हमें अनुशासन में रहकर अपने वाहन का प्रयोग करना चाहिए अपनी सुरक्षा के साथ–साथ दूसरे की सुरक्षा का भी ध्यान रखते हुए वाहन चलाएं और किसी भी अनहोनी दुर्घटना से बचे
पीटीओ रामबाबू वआर आई परिवहन शाखा संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जागरूकता के माध्यम से लोगों की जान बचाई जा सकती है सभी का उद्देश्य सुरक्षित वाहन चलाकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचना होना चाहिए
डॉ अशोक कपूर ने कहा कि सबसे ज्यादा मौतें एक्सीडेंट के कारण सड़क दुर्घटना में होती है जीवन अमूल्य है
कार्यक्रम का संचालन करते हुए एडीएचआर राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय ने कहा कि समय पर इलाज मिलने पर लोगों की जान बचती है और समय पर इलाज न मिलने पर लोगों की जान भी जाती है किसी भी दुर्घटना को नजर अंदाज ना करें एडीएचआर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन समाज के विभिन्न प्रकल्पों में कर रही है
टीएसआई अखिलेश कुमार ने कहा कि स्कूली बच्चे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कर यातायात नियमों का पालन करने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं और निभा सकते हैं आप सभी ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एडीएचआर जिलाध्यक्ष व प्रेमरघु मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. पी पी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जागरूक नागरिक के रूप में अपनी पहचान बनाकर लोगों की जान बचाए और परिवारों को दुख की घड़ी से बाहर लाने का कार्य करें ।
ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष नवजोत शर्मा ने लोगों से अपनी–अपनी जिम्मेदारियां का निर्भर करने की अपील की
कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया
कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक अपराध शाखा कोतवाली विमल कुमार,हेड कांस्टेबल विजय चौधरी, हेड कांस्टेबल दिनेश चंद्र, पीआरडी देवेंद्र सिंह, राहुल गुप्ता, अमित बंसल, डॉ पुनीत अग्निहोत्री, जिला महासचिव नवीन गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, राकेश किशोर गौड़, राजेश वार्ष्णेय, शैलेंद्र सांवलिया, डिंपल वार्ष्णेय एवं सैकड़ों छात्र–छात्राएं मौजूद रहे

# आई0ई0सी0 बैन के द्वारा कराया गया प्रधानमंत्री के लाइव कार्यक्रम का प्रसारण



(भव्य प्रभात)
हाथरस। जिला कृषि अधिकारी आर0के0सिंह ने अवगत कराया है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री जी का लाइव प्रसारण ग्राम–चाचपुर भटेला मुरसान, ग्राम–लाडपुर हाथरस, ग्राम–नगला बनारसी सादाबाद, ग्राम–गुरेठा सुल्तानपुर सिकन्दराऊ में आई0ई0सी0 बैन के द्वारा कराया गया। ग्राम–चाचपुर भटेला मुरसान में मुख्य विकास अधिकारी साहित्य प्रकाश मिश्र एवं अपर जिलाधिकारी वि0रा0 डा बसंत अग्रवाल द्वारा प्रतिभाग किया गया। मा0 प्रधानमंत्री जी के लाइव प्रसारण में लाभार्थीयों से संवाद किया गया, 10 हजार वें जन औषधि केन्द्र एवं नमों ड्रोन दीदी योजना की लांचिंग की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के प्रमाण पत्र, 2 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, प्राथमिक शिक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्बन्धित विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। कृषक श्री रमा शंकर शर्मा जी के आलू के खेत में नैनो डी0ए0पी0ध्यूरिया का ड्रोन के द्वारा प्रदर्शन कराया गया। उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, मुरसान आदि अधिकारी उपस्थित रहे।
कल दिनांक 01 दिसम्बर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंर्तगत विकास खण्ड मुरसान के ग्राम कोरना चमरुआ में प्रातः 10 बजे से एवं सुसावली में दोपहर 2 बजे से आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकास खण्ड हाथरस के ग्राम पंचायत लाखनू में प्रातः 10 से एवं ग्राम पंचायत पुराकलां में दोपहर 2 बजे से, विकास खण्ड सादाबाद के ग्राम पंचायत नौपुरा में प्रातः10 बजे से एवं ग्राम पंचायत घूचा में दोपहर 2 बजे, विकास खण्ड सिकन्दराराऊ के ग्राम पंचायत मूढा नीरजपुर में प्रातः10 बजे से एवं ग्राम पंचायत बारमऊ में दोपहर 2 बजे से कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे। उन्होंने बताया कि ग्रम पंचायतों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में राजस्व, कृषि सहकारिता, ग्राम विकास, पशु चिकित्सा, स्वास्थ्य ,महिला कल्याण एवं बाल विकास आपूर्ति, नेहरू युवा केन्द्र, युवक मंगल दल, शिक्षा विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के अवशेष पात्र लाभर्थीयों को लाभान्वित किया जायेगा।

# आरटीई के तहत स्कूलों को मिलने वाली शुल्क प्रतिपूर्ति न मिलने से निजी स्कूल संचालक परेशान

हाथरस प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोएशिन के पदाधिकारियों की बैठक रमनपुर स्थित गोविंद पब्लिक स्कूल में हुई। जिसमें आरटीई के तहत स्कूलों को मिलने वाली शुल्क प्रतिपूर्ति न मिलने से निजी स्कूल संचालक परेशान है। इस बाबत जल्द ही नौ दिसंबर को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की बैठक रमनपुर स्थित गोविंद पब्लिक स्कूल में की गई। जिसकी अध्यक्षता रामसेवक शर्मा द्वारा की गई। समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम मां सरस्वती के छवि चित्र पर जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी एवं समस्त पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया के स्कूली समस्याओं से संबंधित ज्ञापन 9 दिसंबर को मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौपा जाएगा। जिसमें के आरटीई की धनराशि वर्ष 2022–23 एवं 23– 24 की अभी तक स्कूल को प्राप्त नहीं हुई है। बैठक में सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष पद पर मुकेश दीक्षित को मनोनीत किया गया। एवं गोविंद गोपाल शर्मा को नगर प्रभारी का दायित्व सोपा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील कुमार शर्मा, सुनील कुमार सिंह, लाखन सिंह, मनमोहन सिंह, रामसेवक शर्मा, राजीव सिंह, मुकेश पाल सिंह, भुवनेश्वर शर्मा, देवेश सिसोदिया आदि स्कूल संचालक उपस्थित उपस्थित थे

# पिछड़ी जाति के लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का कार्य करें

हाथरस। समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की मासिक बैठक कैंप कार्यालय पर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार कंडेरा ने की तथा संचालन चौधरी बलवीर सिंह ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पिछला वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रूप किशोर कश्यप तथा गौरीशंकर बघेल रहे। बैठक में उपस्थित रहे श्री कश्यप ने कहा है कि समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ पिछड़ी जाति के लोगों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का कार्य करें। संगठन को मजबूत करने की जरूरत है साथ ही प्रदेश सचिव गौरी शंकर बघेल ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पिछड़ी जाति के लोगों को 2024 आने वाली है लोकसभा इसमें बूथ पर जाकर के वोट बढ़ाने का कार्य करें और विधानसभा कमेटी को मजबूत करें सभी आए हुए कार्यकर्ता अपने बूथ स्तर की कमेटी को तैयार करें। सपा नेता राम नारायण काके ने कहा है कि समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ राजपाल कश्यप के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में पिछड़ी जाति को जोड़ने का एक अभियान चला रखा है । इस कार्यक्रम में विधानसभा विधानसभा अध्यक्ष सिकंद्राराऊ चंद्रपाल बघेल ,विधानसभा अध्यक्ष हाथरस प्रेम सिंह कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष सादाबाद बबलू उर्फ बलवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष आदि लोग रहे।

# केन विलियमसन ने रचा इतिहास, विराट कोहली के इस रिकॉर्ड की बराबरी पर आए

**एक छोर को संभालते हुए उन्होंने छठे विकेट के लिए 78 रन जोड़े। ग्लेन फिलिप्स 42 रन बनाकर आउट हुए। वहीं केन ने टेस्ट करियर का 29वां शतक जड़ा और टीम को मुश्किल की घड़ी से बाहर निकाला। केन ने 104 रनों की महत्वपूर्ण पारी 205 गेंदों में खेली, जिसमें 11 चौके भी लगाए गए।**

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच की दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने दमदार वापसी की है। पहले दिन 310द्9 स्कोर से आगे खेलते हुए मेजबान टीम ने दूसरे दिन की पहली गेंद पर ही अपना अंतिम विकेट गंवा दिया और बांग्लादेश की पारी इसी के साथ 310 रन पर सिमटी। इस मैच में कीवी टीम के बल्लेबाजों ने सधी हुई शुरुआत की। किवी टीम के बल्लेबाज इस मैच में शुरुआत में अच्छा खेल नहीं दिखा सके और 100 रनों से पहले ही टॉम लैथम 21, डेवोन कॉनवे 12 और हेनरी निकोलस 19 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद चौथे विकेट के लिए कप्तान केन विलियमसन और डेरिल मिचेल ने 66 रनों की बेहतरीन साझेदारी की। मिचेल 41 रन बनाकर पवेलियन लौटे जिसके बाद टॉम ब्लंडल भी कमाल नहीं कर सके और 6 रन पर आउट हो गए। इसी के साथ किवी टीम का स्कोर 175 रनों पर पांच विकेट हो गया था और टीम मुश्किल में दिख रही थी। हालांकि इस मैच में केन विलियमसन ने शानदार पारी खेली। एक छोर को संभालते हुए उन्होंने छठे विकेट के लिए 78 रन जोड़े। ग्लेन फिलिप्स 42 रन बनाकर आउट हुए। वहीं केन ने टेस्ट करियर का 29वां शतक जड़ा और टीम को मुश्किल की घड़ी से बाहर निकाला। केन ने 104 रनों की महत्वपूर्ण पारी 205 गेंदों में खेली, जिसमें 11 चौके भी लगाए गए। दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड की टीम 266 रनों पर आठ विकेट गंवा चुकी है। बांग्लादेश के बराबर पहुंचने के लिए अभी टीम को 44 रन और बनाने है। केन ने बनाया रिकॉर्ड इस मैच में केन विलियमसन ने 29वां टेस्ट शतक जड़ा है। ये टेस्ट मैच में उनका लगातार चौथा शतक था। वहीं इंटरनेशनल क्रिकेट में उनका 42वां शतक है। इस वर्ष केन इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ शतकीय पारी खेल चुके है। इसी के साथ केन विलियमसन ने विराट कोहली की टेस्ट शतकों में बराबरी भी कर ली है।



## हॉकी विश्व कप में भारत का जीत के साथ आगाज

भारतीय टीम ने एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में कनाडा को 12 . 0 से हराकर शानदार शुरूआत की। भारत के लिये मुमताज खान ने चार (26वां, 41वां, 54वां और 60वां) , अन्नु (चौथा, छठा, 39वां मिनट) और दीपिका सोरेंग (34वां, 50वां और 54वां) ने तीन तीन गोल किये। डिप्पी मोनिका टोप्पो ने 21वें मिनट में और नीलम ने 45वें मिनट में गोल दागे। भारत ने आक्रामक शुरूआत की और जल्दी ही अन्नु ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर बढत दिला दी। दो गोल करने के बावजूद भारत ने आक्रामक खेल जारी रखा और पहले क्वार्टर तक बढत 2 . 0 की बनी रही। दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा रहा। डिप्पी और मुमताज ने इसका फायदा उठाकर एक एक फील्ड गोल दाग दिया। इस बीच कनाडा को मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार गया। हाफटाइम तक भारत के पास चार गोल की बढत थी। दूसरे हाफ में दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किया जिसके बाद अन्नु ने भी हैट्रिक पूरी की। मुमताज ने अपना दूसरा गोल भी दागा। वहीं नीलम ने पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत की बढत 8 . 0 की कर दी। आखिरी क्वार्टर में दीपिका और मुमताज ने गोल दागे। भारत का सामना शुक्रवार को जर्मनी से होगा।

## बेन स्टोक्स ने भारत दौरे से पहले कराई घुटने की सर्जरी, अब रिहैब में रहना होगा

इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स के घुटने की सर्जरी सफलता पूर्वक हो गई है। स्टोक्स ने इसकी जानकारी खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल से दी है। इस दौरान उन्होंने बैसाखी के सहारे खड़े होने की तस्वीर भी शेयर की है। सर्जरी पूरी होने के बाद हरफनमौला अब रिहैब में रहेंगे। उन्हें पूरी तरह से फिट होने में 5 से 7 हफ्ते का समय लग सकता है। स्टोक्स ने लंदन के क्रोमवेल हॉस्पिटल के बाहर बैसाखियों के सहारे खड़े अपनी तस्वीर सोशल मीडिया पर डालते हुए लिखा ,'' भीतर और बाहर। अंडर द (नाइफ इमोजी) डन। रिहैब शुरू।'' ऐसे में वह भारत के खिलाफ जनवरी 2024 में होने वाली 5 मैच की टेस्ट सीरीज के लिए उपलब्ध ा रहेंगे। सीरीज का पहला मैच 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा। बेन स्टोक्स पिछले कुछ समय से अपने घुटने की चोट से परेशान चल रहे थे। इस चोट के चलते ही वह मैदान पर अपना शत प्रतिशत भी नहीं दे पा रहे थे। जिस कारण से कहा जा रहा था कि वह भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से भी बाहर हो सकते हैं। लेकिन अब उनकी सर्जरी हो गई है जिसके बाद उनके ना खेलने की खबरें सिर्फ खबरें बन कर रह जाएंगी। वहीं, 32 वर्ष के स्टोक्स इस साल आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन एशेज टेस्ट में गेंदबाजी नहीं कर सके थे और विश्व कप में भी बतौर बल्लेबाज ही खेले थे। उन्होंने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि वह विश्व कप के बाद आपरेशन करायेंगे। आईपीएल 2024 नहीं खेलेंगे स्टोक्स बता दें कि, इंग्लैंड टीम भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले यूएई में दो सप्ताह अभ्यास शिविर में भाग लेगी। स्टोक्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह 2024 आईपीएल नहीं खेलेंगे ताकि कार्यभार और फिटनेस का ध्यान रख सकें। वह आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के सबसे महंगे खिलाड़ी थे लेकिन चोट के कारण दो ही मैच खेल सके।

## साउथ अफ्रीका दौरे से बाहर रहेंगे विराट कोहली, सफेद गेंद क्रिकेट से लिया है आराम!

वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करने के बाद विराट कोहली परिवार के साथ लंदन में छुट्टियां बिता रहे हैं। उनके अलावा रोहित शर्मा भी इन दिनों लंदन में मजे कर रहे हैं। वहीं सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज खेल रही है। पांच मैचों की सीरीज में भारतीय टीम ने 2–1 की बढ़त बनाई है। इस सीरीज के बाद भारतीय टीम को साउथ अफ्रीका के दौरे पर जाना है, लेकिन इस दौरे से पहले विराट कोहली ने वनडे और टी20 सीरीज खेलने से इनकार कर दिया है। इंडियन एक्सप्रेस को एक बीसीसीआई सूत्र ने कहा है कि, कोहली ने बीसीसीआई और चयनकर्ताओं को सूचित किया है कि उन्हें सफेद गेंद वाले क्रिकेट से ब्रेक की जरूरत है।

## भारतीय शेयर मार्केट ने बनाया रिकॉर्ड, पहली बार मार्केट कैप 4 ट्रिलियन डॉलर के पार

मुंबई। अडानी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी के दम पर भारतीय शेयर बाजार ने बड़ा मुकाम हासिल किया है। भारतीय बाजार ने बुधवार को पहली बार ऐतिहासिक +4 ट्रिलियन मार्केट कैप मील का पत्थर छुआ। बीएसई लिस्टेड शेयरों का मार्केट कैप अपने ऑल–टाइम हाई लेवल 336 लाख करोड़ रुपए यानी 4.02 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई है। इसके साथ ही भारत दुनिया पांचवां सबसे मूल्यवान मार्केट बन गया है। भारत मई 2021 में तीन ट्रिलियन डॉलर के मुकाम पर पहुंचा था। दुनिया की बात करें तो इस लिस्ट में अमेरिका 48 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ पहले नंबर पर है। चीन (10.7 ट्रिलियन डॉलर) दूसरे, जापान (5.5 ट्रिलियन डॉलर) तीसरे और हॉन्ग कॉन्ग (4.7 ट्रिलियन डॉलर) चौथे नंबर पर है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, इस कैलेंडर वर्ष में अब तक भारत का मार्केट कैप लगभग 15 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि चीन के मार्केट कैप में 5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। टॉप–10 मार्केट कैप क्लब में अमेरिका एकमात्र बाजार है जो भारत की तुलना में 17 फीसदी की तेज गति से बढ़ा है। संयुक्त विश्व बाजार पूंजीकरण इस वर्ष 10 प्रतिशत बढ़कर 106 ट्रिलियन डॉलर हो गया है।पिछले 20 साल में बीएसई का मार्केट कैप 33 गुना बढ़ा है। सितंबर 2003 में यह 10 लाख करोड़ रुपए था। स्मॉल एंड मिडकैप शेयरों के जबरदस्त प्रदर्शन तेजी, देश की इकॉनमी के बढ़ने और एलआईसी, पेटीएम और जोमैटो जैसी कई बड़ी कंपनियों के आईपीओ आने से भारत का मार्केट कैप बढ़ा है। इस साल इसमें करीब 46 लाख करोड़ रुपए की तेजी आई है। विदेशी और घरेलू फंड्स की खरीदारी का भी इसमें बड़ा योगदान है। मार्च 2020 के बाद से विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार में करीब दो लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है। मंगलवार का दिन अडानी ग्रुप के निवेशकों के लिए मंगलमय रहा। अडानी ग्रुप शेयरों का ओवरऑल मार्केट कैप 1.04 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 11.29 लाख करोड़ रुपए रहा। हालांकि इंट्रा–डे में ग्रुप का मार्केट कैप 1.32 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 11.59 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया था। मैक्रो लेवल पर देखें तो भारत अभी 3. 7 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकॉनमी है। अमेरिका पहले, चीन दूसरे, जर्मनी तीसरे और जापान चौथे नंबर पर है। एसबीआई सिक्योरिटीज के सनी अग्रवाल ने कहा कि 2030 तक भारत के सात ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनने का अनुमान है। मार्केट कैप भी जीडीपी के हिसाब से बढ़ेगा। जब भी जीडीपी दोगुनी होती है तो मार्केट कैप भी दोगुना हो जाता है। शेयरों की कीमत में तेजी और आईपीओ के रूप में नई लिस्टिंग से मार्केट कैप बढ़ता है। निफ्टी और सेंसेक्स के अगले पांच साल में डबल होने की उम्मीद है।

## रोहित–हार्दिक की गैरमौजूदगी में सूर्या को मिलेगी कमान!

बीसीसीआई आज साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम का ऐलान कर सकती है। 10 दिसंबर से डरबन में खेले जाने वाले पहले टी20 मैच को लेकर भारत के चयनकर्ता परेशान हैं। दरअसल, रोहित शर्मा की उपलब्धता को लेकर अभी अनिश्चितता मंडरा रही है। वहीं हार्दिक फिट नहीं है। ऐसे में सूर्या को टीम की कमान मिल सकती है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि चयनकर्ता रोहित शर्मा को मनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। बीसीसीआई सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया है कि, हां ये सवाल बना हुआ है कि हार्दिक के वापस आने पर क्या होगा? लेकिन बोर्ड को लगता है कि अगर रोहित टी20 में नेतृत्व करने के लिए मान जाते हैं तो वह टी20 वर्ल्ड कप में टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। अगर रोहित सहमत नहीं होते हैं तो सूर्या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी टी20 सीरीज में कप्तान बने रहेंगे। वर्ल्ड कप के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया ने सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व के साथ नए युग में प्रवेश किया है।

# आलिया भट्ट को देख पैपराजी बोले 'आलू जी'



आलिया भट्ट को मुंबई में जीक्यू के मेन ऑफ द ईयर इवेंट में स्पॉट किया गया. इस दौरान एक्ट्रेस ने अपने ग्लैम लुक से काफी लाइमलाइट बटोरी. वहीं पैप्स के साथ उनकी एक वीडियो खूब वायरल हो रही है.

आलिया भट्ट बॉलीवुड की मोस्ट टैलेंटेड एक्टर्स में एक हैं. आलिया भट्ट (।सपं ठींजज) ने अपने अब तक के करियर में कईं सुपर डुपर हिट फिल्में दी हैं. हाल ही में एक्ट्रेस को श्गंगूबाई काठियावाड़ीश में उनकी दमदार परफॉर्मेंस के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था. इन सबके बीच आलिया भट्ट को हाल ही में मुंबई के सेंट रेजिस होटल में जीक्यू के मेन ऑफ द ईयर इवेंट में स्पॉट किया गया था. इस दौरान पैप्स ने जब एक्ट्रेस को उनके निक नेम से बुलाया तो आलिया का रिएक्शन भी देखने लायक था.

पैप्स ने निक नेम से बुलाया तो आलिया ने दिया ऐसा रिएक्शन

जीक्यू के मेन ऑफ द ईयर इवेंट में आलिया काफी ग्लैमरस अवतार में पहुंची थीं. एक्ट्रेस ने मैचिंग हील्स और स्ट्रेट बालों के साथ ब्रिक–रेड प्लेसूट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं. आलिया ने अपने इस आउटफिट के लिए काफी तारीफ बटोरी. वहीं इस दौरान एक्ट्रेस पैप्स के साथ मस्तीभरी नोकझोंक करती भी दिखीं जो अब काफी वायरल हो गई




> आलिया भट्ट के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस को आखिरी बार स्क्रीन पर करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए देखा गया था.

है.दरअसल जब आलिया इवेंट में कैमरे के लिए पोज दे रही थी, तो पैपराजी ने उन्हें उनके निक नेक ष्आलू जीष् से बुलाया. ये सुनकर आलिया पहले तो कंफ्यूज नजर आईं और फिर उन्होंने इस पर रिएक्ट करते हुए कहा कि ष्ये क्या नया शुरू हो गया है आलू जी?ष् इसके बाद वह हंस पड़ीं जब लोगों ने उनके लुक की तारीफ की.

आलिया भट्ट वर्क फ्रंट

आलिया भट्ट के वर्क फ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस को आखिरी बार स्क्रीन पर करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए देखा गया था. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया और इसमें आलिया की एक्टिंग के साथ उनकी साड़ियों की भी खूब तारीफ हुई. वहीं आलिया फिलहाल वासन बाला के डायरेक्शन में बन रही अपनी अगली फिल्म 'जिगरा' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म ने आलिया न केवल लीड हिरोइन हैं बल्कि वे करण जौहर के साथ को–प्रोड्यूसर भी हैं.

# 'आमिर खान फेक इंसान नहीं हैं'



## फातिमा बोलीं– अमिताभ बच्चन के साथ काम करके खुद को खुशकिस्मत मानती हूं

फातिमा सना शेख बॉलीवुड की एक पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। फातिमा ने साल 1997 की फिल्म श्चाची 420श में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट काम किया था। 2016 में आई फिल्म श्दंगलश से फातिमा सुर्खियों में आ गईं। श्दंगलश फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। इंटरव्यू में फातिमा ने बताया कि वे आमिर को बहुत रियल और ईमानदार मानती हैं। फातिमा ने ये भी कहा कि श्दंगलश फिल्म के ऑडिशन के समय 21000 लड़कियों में से उनका सिलेक्शन हुआ था।

फातिमा श्दंगलश को सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट मानती हैं

फातिमा सना शेख ने बचपन की बातें करते हुए कहा, श्मैं चार या साढ़े चार साल की थी जब मैंने फिल्म श्चाची 420श की थी। मैंने बचपन में ही काफी काम कर लिया था। एक समय पर लगा थोड़ा मस्ती करना भी जरूरी होता है। फिर जब एक्टिंग करनी वापस से शुरू की, तो फिर से स्ट्रगल शुरू हो गया था।श फातिमा अपने करियर में श्दंगलश को सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट मानती हैं। उन्होंने कहा, श्मेरा सिलेक्शन 21000 लड़कियों में से हुआ था, और बहुत सारे ऑडिशन राउंड हुए थे। ऑडिशन शॉर्टलिस्ट होने में भी समय लगा था। मैं मानती हूं अपनी काबिलियत की वजह से मैं उस रोल के लिए सिलेक्ट हुई थी।श फिल्म श्दंगलश के लिए फातिमा को अपनी बॉडी पर भी काफी काम करना पड़ा।

# भारतीय रेल की समृद्ध विरासत का भव्य प्रदर्शन

गोरखपुर। राष्ट्रीय रेल संग्रहालय,भारतीय रेल के 170 वर्षों की समृद्ध विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। एक रेलवे यार्ड की स्थापना का अनुकरण करते हुए,इस संग्रहालय में भाप, डीजल और बिजली के अनेक प्रकार के इंजनों के साथ–साथ रॉयल सैलून,वैगन, कैरिज,बख्तरबंद गाड़ियां,रेलकार और एक टर्न–की (इंजन की दिशा बदलने वाला घूमता मंच) भी है । भीतरी गैलरी में प्रदर्शित किये गए इंटरएक्टिव डिस्प्ले,भारतीय रेल की शैशव अवस्था से आज तक के यातायात विकासक्रम को दर्शाते हैं। राष्ट्रीय रेल संग्रहालय में बेहतर रख–रखाव के साथ रखे गए वास्तविक आकार के 4 रेल इंजनों को लंदन (यू. के.) स्थित इंस्टीट्यूशन ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स के प्रेसिडेंट मिस्टर गिल्स हार्टिल द्वारा दिनांक 28.11.2023 को राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि एवं रेलवे बोर्ड के सचिव मिलिंद के. देउस्कर की उपस्थिति में "इंस्टीट्यूशन ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स इंजीनियरिंग हैरिटेज अवार्ड'' दिया गया । इंस्टीट्यूशन ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स एक स्वायत्त्त और प्रबुद्ध पेशेवर संस्था है । इसका मुख्यालय लंदन, युनाइटेड किंगडम में है । यह संस्था यांत्रिक इंजीनियर और इंजीनियरिंग पेशे से जुड़े लोगों का प्रतिनिधित्व करती है । रेलवे, ऑटोमोटिव,एयरोस्पेस, उत्पादन, ऊर्जा,बायोमेडिकल और निर्माण जैसे उद्योगों में काम कर रहे 140 देशों के 1,20,000 सदस्यों वाली संस्था को अपने रजिस्टर ऑफ चार्टर्ड इंजीनियर्स, इन–कॉरपोरेट इंजीनियर्स और



इंजीनियरिंग टेक्ध्नीशियन्ध्स में उम्मीदवारों का निर्धारण करने का लाइसेंस प्राप्ध्त है । राष्ध्ट्रीय रेल संग्रहालय में सहेजकर रखे गये इन चार इंजनों को इंजीनियरिंग हैरिटेज पुरस्ध्कार प्राप्ध्त करने पर भारतीय रेलवे गौरवान्ध्वित महसूस कर रही हैरू– थ1 734 स्टीम लोकोमोटिव – पूरी तरह से भारत में निर्मित पहला स्टीम लोकोमोटिव। 1895 में अजमेर वर्कशॉप में डब्स एंड कंपनी ग्लासगो द्वारा डिजाइन किया गया एक मीटर गेज लोकोमोटिव। इसका उपयोग 1958 तक राजपूताना–मालवा रेलवे (आरएमआर) और बाद में बॉम्बे, बड़ौदा और सैंट्रल इंडिया रेलवे (बीबी एंड सीआई) पर मिले–जुले यातायात के लिए किया जाता था। पटियाला स्टेट मोनोरेल ट्रामवे (पीएसएमटी) – भारत में पहली स्टीम मोनोरेल के लिए ओरेनस्टीन और कोप्पेल द्वारा निर्मित, सरहिंद से आलमपुर और पटियाला से पंजाब के सुनाम तक। ट्रामवे को ईविंग सिस्टम का उपयोग करके सीडब्ल्यू बाउल्स द्वारा डिजाइन किया गया था। लोकोमोटिव 1909 से 1927 के आसपास तक संचालित हुआ । इसे 1976 में फिर से बहाल किया गया। जॉन मॉरिस फायर इंजन – 1914 में सैलफोर्ड, मैनचेस्टर में निर्मित और हैदराबाद के सातवें और आखिरी निजाम, मीर उस्मान अली खान द्वारा निजाम स्टेट रेलवे के लालागुडा कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप के लिए भारत लाया गया। यह लगभग चार दशकों के बाद, 1960 में सेवानिवृत्त हो गया और अभी भी कार्यशील स्थिति में है। WAG1 20710 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव – भारत में निर्मित पहला 25ाट ।ब इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव, 1963 में चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स से जारी किया गया था। ब्रॉड–गेज माल ढुलाई इंजनों की यह श्रेणी 2002 तक सेवा में थी, जिसने भारत के विकास में योगदान दिया। 85 टन वजनी यह 2840 एचपी लोकोमोटिव 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकता है।

## यातायात माह का समापन,उत्कृष्ट कार्य करने वालों को एसपी ने किया सम्मानित

उरई/जालौन। जालौन में आज यातायात माह का समापन हो गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने यातायात माह नवंबर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अलग–अलग विद्यालयों के छात्र– छात्राओं और पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही सभी को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राएं अपने परिजनों को यातायात के बारे में बताएं, जिससे उन्हें दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखा जा सके। वहीं शहर में लगाई गई ट्रैफिक लाइटों का पालन न करने वालों के 1 दिसंबर से ऑनलाइन चालान शुरू कर दिए जाएंगे। उरई के ब्रिज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में आयोजित यातायात माह के समापन के अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं ने लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने सभी लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करते हुए छात्र–छात्राओं ने कहा कि सभी लोग बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। इसके साथ ही कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाए, इसके अलावा मोबाइल फोन पर बात करते समय, शराब पीकर गाड़ी न चलाएं, जिससे वह दुर्घटनाओं से बच सकते है और लोगों की जान को बचा सकते हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने कहा कि 30 दिनों तक अलग–अलग स्कूलों में तथा अन्य माध्यमों से लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही शहर में एक अलग व्यवस्था ट्रैफिक लाइट की गई है, जिसमें सभी लोगों ने प्रशासन का सहयोग करते हुए नियमों का पालन किया। वहीं सभी से उम्मीद रखेंगे कि ट्रैफिक लाइटों का अवश्य पालन करेंगे, जिससे वह जागरूक हो सके। वहीं उन्होंने यातायात माह नवंबर में लोगों को जागरूक करने वाले मिजपा क्रिश्चियन स्कूल, रामजी लाल पांडे गर्ल्स इंटर कॉलेज, मॉर्निंग स्टार, एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं और यातायात पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। बता दें कि उरई शहर के तीन चौराहों पर ट्रैफिक लाइटें लगाई गई हैं। इन ट्रैफिक लाइटों का उल्लंघन करने पर कहा कि 1 दिसंबर से ऑनलाइन चालान शुरू कर दिए जाएंगे। इस यातायात माह कार्यक्रम के समापन के अवसर पर एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अजय कुमार इटौदिया, युद्धवीर कंथरिया, ममता स्वर्णकार, शशि सिंह, सुविधा इटोरिया मौजूद रहीं।

## बेटी से सालों बाद मिले पिता,तो छलके खुशी के आंसू

लखनऊ। पति अपनी पत्नी को मानसिक स्थिति में भले ही उसे छोड़ सकता है लेकिन एक पिता के लिए बेटी हमेशा जिम्मेदारी ही रहती है। कुछ ऐसा ही मामला लखनऊ में देखने को मिला। दरअसल झारखंड के गोड्डा जिले की साधना देवी अपना मानसिक संतुलन खोने के बाद घर से भटक कर लखनऊ आ गई। यहां सड़को पर कई वर्षो से इधर उधर लावारिस स्थिति में भटकती रहीं। इसी दौरान उनके पैर के तलवे में गंभीर घाव हो गया था। समाजसेवी एवं अधिवक्ता ज्योति राजपूत की नजर इन पर पड़ी तो उन्होंने साधना देवी को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया एवम इलाज



शुरू करवाया। बीच में महिला अस्पताल से भाग गई थी लेकिन पुनः आ गई थी। महिला का 20 दिन तक चला । पैर का घाव ठीक होने के पश्चात अधिवक्ता ज्योति द्वारा सूचना मिलने पर सोशल एक्टिविस्ट बृजेंद्र बहादुर मौर्य द्वारा साधना देवी की आवश्यक डिटेल्स लेकर झारखंड में परिवार खोजने की मुहिम शुरू हुई। सोशल मीडिया की मदद एवम अन्य संसाधनों के सहयोग से झारखंड गोड्डा जिले से साधना देवी के पिता का संपर्क मिला। जिसके पश्चात गुरुवार को सिविल अस्पताल में मेडिकल प्रक्रिया पूरी करने के बाद एक परिवर्तन फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्ञान तिवारी द्वारा साधना देवी को उनके पिता के साथ झारखंड रवाना कर दिया गया। अधिवक्ता ज्योति राजपूत एवम सोशल एक्टिविस्ट बृजेंद्र बहादुर मौर्य संयुक्त रूप से ऐसे केसेस में घर से गायब लोगो के परिवार का पता करके उनके घर उन्हे वापस भिजवाते हैं। इससे पहले भी झारखंड, बिहार, यूपी सुल्तानपुर एवं अन्य कई जगह के भटके बुजुर्गो को उनके परिवार से मिलाया गया है। सिविल हॉस्पिटल के सीएमएस डॉ राजेश श्रीवास्तव,वार्ड इंचार्ज रेखा उपाध्याय,स्टाफ नर्स मंशा शानू,ज्योति पांडे,सुमन कुमारी, निदा खातून,भानुमति का विशेष सहयोग रहा। वार्ड आया प्रियंका, अनीता,मांडवी,सरिता एवम रामावती के द्वारा लगातार साफ सफाई पर ध्यान देने के कारण ही साधना देवी के पैरो के घाव जल्दी भर गए।

## जिले में बदला मौसम का मिजाज,सुबह से रुक–रुककर हो रही बारिश

उरई/जालौन। जालौन में गुरुवार को मौसम का मिजाज बदल गया। जहां सुबह से ही जनपद के अलग–अलग इलाकों में रुक–रुक कर बारिश हो रही है। इस बारिश से मौसम में ठंडक आ गई है। साथ ही यह बारिश किसानों के लिए वरदान बनकर आई है। बारिश से मटर मशरूम चना सरसों और बोई जा रही गेहूं की फसल में फायदा होने की उम्मीद है। वहीं यह बारिश मटर के किसानों के लिए अमृत बनकर आई है, क्योंकि इस बारिश से मटर में लगने वाली इली से बचा जा सकता है। जो किसानों की फसल के लिए काल बनकर आई थी। बता दें कि बुधवार शाम से ही मौसम का मिजाज बदलने लगा था। शाम को आसमान में बादलों ने डेरा डाल लिया था जिससे मौसम में ठंडक आ गई थी। लोगों को उम्मीद थी कि निश्चित ही बारिश होगी, और यह बारिश गुरुवार सुबह 3रू00 बजे से ही होने लगी। शुरुआत में यह बारिश रिमझिम रिमझिम हुई। मगर जैसे ही दिन निकला बारिश ने रफ्तार पकड़ ली और मूसलाधार बारिश होने लगी। जनपद के कई इलाकों में तेज बारिश हुई, जिससे मौसम ठंडा हो गया और जो लोग ऊनी कपड़े कम निकाले हुए थे, उनको गर्म कपड़े निकालने पड़े। वहीं यह बारिश किसानों के लिए वरदान बनकर आई है। किसानों को अपनी फसल में कृत्रिम वर्षा करनी थी, मगर बारिश होने से अब उन्हें कृत्रिम वर्षा नहीं करनी पड़ेगी। साथ ही जिन किसानों की मटर की फसल में कीड़े और इली लग गई थी, उन किसानों की फसलों में राहत मिली है इस बारे में कृषि अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि किसानों के लिए यह फसल वरदान बनकर आई है और जिन किसानों की फसलों में कीड़े लगने लगे थे इस बारिश से उन किसानों को राहत मिली है जिससे इली पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी, सर्वाधिक फायदा गेहूं बोने बाले किसानों को हुआ है।

# पूरी ब्याजमाफी के आखिरी दिन पावर हाउस में भारी भीड़

नसीराबाद, रायबरेली। बकाया बिजली बिलों में शत प्रतिशत ब्याज माफी के आखिरी दिन 30 नवंबर को पावर हाउस छतोह पर बिल जमा करने वाले ग्राहकों की भारी भीड़ दिखाई पड़ी।साइड के रुक–रुक कर चलने के कारण भीड़ में लगातार इजाफा होता चला गया और अपराह्न 1.55 बजे साइट बंद हो गई, इसलिए सवेरे से लाइन में खड़े उपभोक्ता निराश हो गए। हालाकि कुछ देर बाद साइट फिर से चालू हो गई। तीन–तीन काउंटर खोले जाने के बावजूद काफी गहमा–गहमी रही। एसडीओ सुनील कुमार और अवर अभियंता विनोद सिंह चौहान सहित पूरा स्टाफ लगातार मेहनत करता रहा किन्तु भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही थी। धीमी गति से किंतु लगातार बारिश होती रही फिर भी उपभोक्ता लाइन में लगे रहे। जिनके बिल समय से जमा हो गए, बरसात के कारण वे भी घर वापस नहीं जा पा रहे थे। इसके बावजूद



बिल जमा होने का सुकून उनके चेहरे पर नजर आ रहा था। कई उपभोक्ताओं ने बिल गलत होने की शिकायत भी की जिनमें से कुछ का निराकरण भी अधिकारियों ने किया। साइट का रुक–रुक कर चलना उपभोक्ता और बिजली विभाग के स्टाफ दोनों को बराबर परेशान करता रहा और धीमी रफ्तार में लगातार चल रही बारिश कोढ़ में खाज का काम करती रही। पुरुषों के अतिरिक्त पचासों महिलाएं भी रिमझिम बारिश में लाइन में लगी अपनी बारी का इंतजार करती रहीं। वृद्धा श्रीमती राजकली, श्रीमती राजरानी आदि ने बताया कि सवेरे से लाइन में लगे हुए दोपहर हो गई,अभी तक बिल नहीं जमा कर पाए। एस.डी.ओ. सुनील कुमार ने बताया कि बारी–बारी से सबके बिल जमा किए जा रहे हैं।अशक्त और महिलाओं का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां आने वाले सभी उपभोक्ताओं के बिल जमा किए जायेंगे और शासन द्वारा घोषित छूट का लाभ दिया जायेगा।

भव्य प्रभात

# इन चुनावों से खुलेंगी नयी राहें

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की श्रृंखला की अंतिम कड़ी के रूप में दक्षिणी राज्य तेलंगाना में गुरुवार को मतदान हो जाने के बाद अब सीधे अगले वर्ष के मध्य में लोकसभा के चुनाव होंगे। जैसा सियासी माहौल प्रचार अभियानों के दौरान नजर आया और विश्लेषकों को महसूस हुआ है उससे यह राय सहज ही बन रही है कि इन राज्यों के मतदान के जो परिणाम 3 दिसम्बर को आएंगे उनसे जनता के समक्ष नयी राहें खुलने जा रही हैं जो मौजूदा परिस्थितियों से देश को निकालने में सक्षम होंगी। वैसे तो एक संघीय ढांचे के अंतर्गत हर स्तर के चुनावों का अपना महत्व होता हैय चाहे वह स्थानीय निकायों का ही क्यों न हो, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद से जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश में अराजकता का माहौल पैदा किया है उससे यह बात तो साफ हो गयी है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते देश में लोकतंत्र सुरक्षित नहीं रह सकता। वैसे तो 2014 में पहली बार पीएम बनने के बाद से ही मोदी ने सारी ताकत अपने हाथों में लेकर जनता पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था, लेकिन उनका और भी अलोकतांत्रिक व्यवहार दूसरी बार अधिक विशाल बहुमत प्राप्त करने के बाद और भी बड़े स्वरूप में देखने को मिला। जितना खुलकर उन्होंने विपक्षी सरकारों को अस्थिर या परेशान किया, वैसा कभी भी भारत में देखने को नहीं मिला था। उनका श्कांग्रेस मुक्त भारतश का नारा कब श्विपक्ष मुक्त भारतश में बदल गया, पता भी नहीं चला। इस अलोकतांत्रिक नारे को उन्होंने ऐसा लोकप्रिय बना दिया कि लोग विधायकों की खरीद–फरोख्त कर या डरा–धमकाकर निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने के काली करतूतों को चाणक्यगिरी या ऑपरेशन लोटस का नाम देकर महिमामंडित करने लगे। यह ऐसा भी समय है जब मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों का खुला उपयोग विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने के लिये किया जा रहा है। इन एजेंसियों के लिये सम्भवतरू स्पष्ट निर्देश हैं कि उनकी कार्रवाइयां केवल विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ ही होनी हैं। भाजपा व उनके समर्थक दलों व लोगों की ओर से आंखें मूंद ली जाती हैं। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं उनमें से एक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव एप की ओर से 508 करोड़ रुपये देने का आरोप लगाया गया तो वहीं मध्यप्रदेश के कद्दावर नेता व केन्द्रीय मंत्री के पुत्र, जो दिल्ली से आकर विधायकी का चुनाव लड़ रहे हैं, वीडियो पर 100 और 500 करोड़ रुपयों की डील करते दिखते हैं। उनके घर पर प्रवर्तन निदेशालय, आयकर या सीबीआई के अधिकारी नहीं पहुंचते। केन्द्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका एक तरह से भाजपा को मदद देने मात्र की रह गई है। इन पांच राज्यों के चुनावों में, खासकर हिन्दी पट्टी के राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा साम्प्रदायिकता का कार्ड खेलने की भी कोशिश हुई जो नाकाम रही। उसके मुकाबले जनहित के मुद्दे हावी रहे। यहां तक कि विकास की चर्चा से दूर भागने वाली भाजपा को इन तीनों प्रदेशों में चुनाव जीतने के लिये वादों और गारंटियों की बात करनी पड़ी। उसे शिक्षा, रोजगार, खेती–किसानी, स्वास्थ्य आदि को भी अपने घोषणापत्रों में शामिल करना पड़ा जो उसकी परम्परा के अनुकूल नहीं है– खासकर हाल के वर्षों में। उम्मीद है कि अगर इन राज्यों में भाजपा की हार होती है, जिसके अनुमान कई विश्लेषक, सर्वेक्षण आदि कर रहे हैं, तो भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों में नये सिरे से मुद्दों की तलाश करनी होगी। हालांकि अयोध्या के नवनिर्मित राममंदिर को बेशक मुद्दा बनाया जायेगा जिसका उद्घाटन मोदी के हाथों 22 जनवरी को होने जा रहा है। फिर भी वर्तमान राजनैतिक माहौल में लगता है कि जनता इसे विशेष तवज्जो नहीं देगी तथा इन्हीं चुनावों के नतीजे राममंदिर मुद्दे को पहले से ही बेअसर कर देंगे।इसी सम्भावित पराजय के कारण इन राज्यों के पूरे प्रचार अभियान के दौरान बौखलाई भाजपा एवं मोदी कांग्रेस, विशेषकर उसके प्रमुख नेता राहुल गांधी को अपने खास निशाने पर लेते रहे। उनके लिये अपशब्दों के जरिये अपमान होता रहा, लेकिन पिछले साल की 7 सितम्बर से इस वर्ष 30 जनवरी तक राहुल की श्भारत जोड़ो यात्राश ने जो परिदृश्य बदला है, उसके कारण लोगों का उनसे बड़े पैमाने पर जुड़ाव हुआ। उनका लोगों से नये सिरे से परिचय हुआ और इसी दौरान मोदी का असली रूप भी सामने आने लगा। उनकी हर मोर्चे पर नाकामी, कारोबारी गौतम अदानी व मुकेश अंबानी की उनके साथ मित्रता आदि ऐसे अनेक मुद्दे सामने आये जिसने मोदी की मेहनत व करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई छवि को ध्वस्त कर रख दिया। इन चुनावों ने राहुल व कांग्रेस को बहुत सशक्त एवं एकजुट किया है। कुछ राज्यों में उनके नेताओं के बीच जो मतभेद थे वे भी जीत की प्रत्याशा में समाप्त हो गये। इसके विपरीत यह भी आशंका है। कि जिस तरह से भाजपा की बड़ी पराजय के अनुमान लगाये जा रहे हैं, उससे खुद मोदी को अगले प्रधानमंत्री पद की दावेदारी प्रस्तुत करने में दिक्कत आ सकती है क्योंकि उनके साथ या उनके चेहरे पर चुनाव लड़ने में उनकी पार्टी के ही नेता व सांसद परहेज कर सकते हैं। कांग्रेस और उसके नेतृत्व में बना संयुक्त प्रतिपक्षी इंडिया गठबंधन दोनों उत्साहित हैं। इंडिया व भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के बीच आमने–सामने का पहला मुकाबला भी अगले लोकसभा चुनावों में होगा। सम्भवतरू इन चुनावों के परिणामों से भारतीय जनतंत्र की नयी राहें खुल सकती हैं।

# बराबरी का हक और बराबरी का दिखावा

**सर्वमित्रा सुरजन**

अपने उपन्यास एनिमल फॉर्म में जॉर्ज ऑरवेल ने लिखा है– ऑल एनिमल्स आर इक्वल, बट सम एनिमल्स आर मोर इक्वल दैन अदर्स। यानी सभी जानवर समान हैं , लेकिन कुछ जानवर दूसरों की तुलना में अधिक समान हैं। बराबरी के दिखावे पर यह अनुपम उदाहरण सोशल मीडिया साइट एक्स की एक पोस्ट को देखकर याद आया। इसमें एक नोटिस की तस्वीर शेयर की गई थी। नोटिस में अंग्रेजी में लिखा था– हाउस मेड्स, डिलीवरी ब्वॉयज, एंड वर्कर्स शुड नॉट यूज पैसेंजर्स लिफ्ट. इन केस दे आर कॉट, दे विल बी फाइन्ड रू. 1000. ये किस शहर और किस सोसाइटी में लगा हुआ नोटिस है, ये तो पता नहीं, और ये भी कहना कठिन है कि जिन लोगों के लिए यह गैरकानूनी नोटिस चिपकाया गया है, उनमें से कितनों को इसकी भाषा समझ आई होगी। यह नोटिस अंग्रेजी में है, और देश के कामगार तबके के अधिकतर लोग प्रांतीय भाषाओं और बोलियों को ही जानते हैं। इस नोटिस को जिस किसी ने भी तैयार किया है, उसने किस आधार पर पकड़े जाने पर एक हजार रूपए के जुर्माने की बात लिखी है, यह भी समझ से परे है। क्योंकि लिफ्ट में जाना कोई कानूनन अपराध नहीं है। पकड़े जाने जैसी शब्दावली ऐसे लग रही है, मानो चोरी या कत्ल करते हुए कोई पकड़ा गया है। वैसे इस चेतावनीनुमा नोटिस में जो कुछ भी लिखा है, वो नए भारत का कड़वा सच है। करीब 12–15 पहले खबर पढ़ी थी कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों का गढ़ बन चुके गुड़गांव की एक बहुमंजिला इमारत में घरेलू सहायकों और कुत्तों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था की गई है और वहां रहने वाले बाशिंदों के लिए अलग लिफ्ट है। तब देश में यूपीए सरकार थी और मीडिया उद्योगपतियों का पूरी तरह से गुलाम नहीं बना था, इसलिए ऐसी खबरें अखबारों में छप जाया करती थीं। हालांकि समाज में भेदभाव तब भी मौजूद था, अब भी उतनी ही सघनता से विद्यमान है। फर्क इतना ही है कि अब जैसे ही मौका मिलता है, भेदभाव तरल होकर समाज में खुल कर बहने भी लगता है। एक दशक पहले तक समाज में इंसानियत के लिहाज की मात्रा थोड़ी अधिक थी, आंखों में शर्म थोड़ी बहुत दिख जाती थी। अब वह सब बड़ी तेजी से विलुप्त होता जा रहा है। बिल्कुल आयातित चीतों की तरह। बहरहाल, इस नोटिस को देखकर ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि नगरीय जीवन में अब यह आम चलन हो गया है। लगभग हर बहुमंजिला इमारत में कामगारों के लिए अलग लिफ्ट की व्यवस्था है, जिसे सर्विस लिफ्ट कहा जाता है। कोरोना काल में अलग लिफ्ट के नियम का और कड़ाई से पालन होने लगा, क्योंकि संपन्न तबके के लोग यही मानकर चलते हैं कि सारी गंदगी और बीमारियां झुग्गियों में रहने वाले लोग ही उन तक पहुंचाते हैं। यह तथ्य पता नहीं कितने लोगों को याद है कि देश में कोरोना का प्रवेश हवाई यात्रा करने वालों की बदौलत हुआ है। यह भी सोचने की बात है कि आखिर किन कारणों से झुग्गी–झोपड़ियों या निचली बस्तियों में गंदगी और बीमारी फैलती है। क्यों वहां के लोग अच्छी हवा और पानी से वंचित रहते हैं। कौन उनके हक को मारकर अपनी जेबें और कोठियां भर रहा है। चंद लोगों के विलासितापूर्ण जीवन का भुगतान लाखों लोगों को क्यों करना पड़ रहा है। ऐसे सवाल समाज में अक्सर असुविधा पैदा कर देते हैं, इनके जवाब ढूंढने में खुद का सामना आईने से हो जाता है। इसलिए बेहतर यही होता है कि ऐसे मामलों की तह में जाएं ही नहीं और जैसा चल रहा है, वैसा ही चलने दें। जब देश गुलाम था, तब लोगों को खरीदने–बेचने का चलन था, दास प्रथा चलती थी, निचली जाति या हैसियत के लोगों को धन और सत्ता की शक्ति से संपन्न लोगों की चाकरी करनी पड़ती थी। देश आजाद हो गया, तो संविधान निर्माताओं ने भारत की इस सामाजिक सच्चाई को समझते हुए नियम–कानून बनाए। सबके लिए बराबरी का अधिकार निश्चित किया। हालांकि वे भी जानते थे कि भारत अपनी भेदभाव वाली मानसिकता से इतनी जल्दी नहीं उबर पाएगा, फिर भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और अपनी ओर से नए भारत को जो बेहतरीन तोहफा दे सकते थे, वो संविधान के रूप में दिया। अफसोस ये है कि इस संविधान का पूरा लाभ उन नागरिकों को ही नहीं मिल रहा है, जिन्हें खास तौर पर ध्यान में रखते हुए बराबरी के अधिकार को शामिल किया गया है। चाकरी, गुलामी, दासता, जो कह लें, शक्तिशाली और प्रभावशाली लोगों की बदौलत अब भी समाज में विद्यमान हैं। तीन दिन पहले ही देश की सरकार ने संविधान दिवस मनाया है। मोदी सरकार के आने के बाद से 26 जनवरी के साथ–साथ 26 नवंबर का महत्व भी बढ़ा दिया गया है।इस बार तो प्रधानमंत्री मोदी ने इस दिन मन की बात भी की, क्योंकि महीने का आखिरी रविवार था। खैर, 26 नवंबर के ही दिन हमारे रिहायशी इलाके के व्हाट्सऐप ग्रुप पर एक चर्चा छिड़ी, जिसमें इस बात पर कुछ लोगों ने आपत्ति जतलाई कि सोसाइटी परिसर के भीतर मौजूद ब्यूटी पार्लर में घर में काम करने वाली मेड्स यानी सहायिकाओं को क्यों प्रवेश दिया जा रहा है। बाकायदा सवाल उठाया गया कि फेशियल, मेनिक्योर, पेडिक्योर या बाल कटवाने के लिए ये सहायिकाएं उस पार्लर में कैसे जा सकती हैं, और इनके पास इतने पैसे कहां से आते हैं कि ये पार्लर का खर्च उठा सकें। कुछ लोगों ने यह मांग भी उठाई कि पार्लर के मालिक के खिलाफ शिकायत कर इसे बंद करवाना चाहिए। इस सवाल को देखकर मन भीतर तक वितृष्णा से भर उठा कि आखिर सभ्य समाज में रहने वाला इंसान इतनी गिरी हुई सोच कैसे ला सकता है और इतना दुस्साहस कैसे जुटा सकता है कि ऐसे सवाल उठाए। हालांकि ये देखकर संतोष हुआ कि कुछ लोगों ने फौरन ऐसे सवाल का प्रतिवाद किया और पूछा कि हम इन मेड्स से अपना घर साफ करवा सकते हैं, इनका बनाया भोजन ग्रहण कर सकते हैं।

, अपने बच्चों को इनके भरोसे छोड़ सकते हैं, लेकिन अगर ये अपने सौंदर्य पर अपने पैसे खर्च करना चाहें और संपन्न घरों की महिलाओं की तरह पार्लर में जाएं, तो किसी को तकलीफ क्यों होनी चाहिए। कामगारों के लिए अलग लिफ्ट से होते हुए बात पार्लर जाने पर आपत्ति तक पहुंच गई, लेकिन मूल सवाल वही बना हुआ है कि आखिर धर्म, जाति, नस्ल और आर्थिक स्थिति का यह भेदभाव किस तरह खत्म होगा। संविधान ने केवल रास्ता दिखाया है, उस पर चलने की इच्छाशक्ति समाज को ही दिखानी होगी। फिल्म दीवार में अमिताभ बच्चन का एक डायलॉग काफी चर्चित हुआ था, जिसमें वे एक बिल्डिंग को खरीदते हैं और कहते हैं कि आपने इसके 10 लाख रूपए और मांगे होते तो भी मैं दे देता। आज से बीस बरस पहले जब ये बिल्डिंग बन रही थी, तो मेरी मां ने इसमें ईंटें उठाई थीं। आज मैं ये बिल्डिंग अपनी मां को तोहफे में देने जा रहा हूं। अब जिंदगी तो कोई फिल्म नहीं है, जिसमें इस तरह के संवाद कहने–सुनने मिलें। ऊंची इमारतों से लेकर, चौड़ी सड़कों और उत्तरकाशी के सिलक्यारा में बन रही सुरंग तक, सबमें मजदूरों का खून–पसीना लगा होता है। एक बार निर्माण हो जाने के बाद इन पर पूंजीपतियों का कब्जा हो जाता है। मजदूर न लाखों–करोड़ों के घरों में कभी रह पाते हैं, न इन सड़कों पर रफ्तार भरने वाली गाड़ियों पर सवार हो पाते हैं। उन्हें उनकी मजदूरी के अतिरिक्त कोई तोहफा भी नहीं मिलने वाला। लेकिन संविधान में उनको जिस बराबरी का हक मिला हुआ है, उसे किसी भी तरह न मारा जाए, इतना ही ध्यान समाज रख ले तो गैरबराबरी दूर करने में यह बड़ा कदम होगा। फिर किसी बेटे को अपनी मां को तोहफा देने के लिए बेईमानी की राह पर नहीं चलना पड़ेगा।

## 9 दिसंबर को लगेगी लोक अदालत, अधिक से अधिक वाद निपटाने पर जोर

हाथरस। राष्ट्रीय लोक अदालत 9 दिसंबर को लगेगी। लोक अदालत में कोई शुल्क नहीं लगता। इसमें अधिवक्ता की बाध्यता नहीं होती है। लोक अदालत के निर्णय की कहीं भी अपील नहीं होती है। हाथरस जनपद न्यायाधीश सतेंद्र कुमार ने 9 दिसंबर को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में न्यायिक अधिकारियों के साथ 29 नवंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में बैठक की। उन्होंने अधिक से अधिक वादों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से करने के निर्देश दिए। अपर जनपद न्यायाधीश और नोडल अधिकारी महेंद्र श्रीवास्तव की उपस्थिति में हुई बैठक में जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत में अंतिम रूप निस्तारण के लिए तैयार वादों के संबंध में समीक्षा की और ज्यादा से ज्यादा वादों के निस्तारण के संबंध में विचार–विमर्श किया। विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट रामप्रताप सिंह, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम चित्रा शर्मा, एडीजेएफटीसी कोर्ट संख्या–2 विनीत चौधरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नम्रता शर्मा, सिविल जज(व.प्र.) व प्रभारी सचिव, मुन्नालाल, अपर सिविल जज (व.प्र.) अनु चौधरी, सिविल जज(व.प्र.)एफटीसी आशीष थिरानिया, सिविल जज (क.प्र.) श्रुति त्रिपाठी, अपर सिविल जज (क.प्र.) चारू सिंह, अपर सिविल जज (क.प्र.), आंचल चंदेल, अपर सिविल जज (क.प्र.), हर्षिका रस्तोगी, अपर सिविल जज (क.प्र.) अनिष्का चौधरी, सिविल जज (क.प्र.) सिकंदराराऊ अभिषेक चौधरी, सिविल जज (क.प्र.) एफटीसी प्रथम शिवजी यादव, सिविल जज (क.प्र.) व न्यायिक मजिस्ट्रेट सादाबाद मिताली सोनकर मौजूद थीं।

## दाऊजी मेला ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, नहीं किए 88 लाख रुपये जमा

हाथरस। हाथरस के दाऊजी महाराज मेला के ठेकदार के खिलाफ प्रशासन की ओर से धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। 88 लाख रुपये जमा न करने पर यह कार्रवाई की गई है। ब्रज क्षेत्र के लक्खी मेला श्रीदाऊजी महाराज के ठेकेदार के खिलाफ 88 लाख रुपये जमा न करने के मामले में तहसीलदार सदर ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। प्रशासन की ओर से मेले का ठेका 1.16 करोड़ रुपये में उठाया था। तहसीलदार सदर चंद्रप्रकाश सिंह ने मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा है कि मेले का ठेका मेसर्स सिंह कंस्ट्रक्शन एंड कंपनी के मालिक रवेंद्र सिंह निवासी आनंद विहार बरौली अहीर आगरा ने आठ सितंबर 2023 को एक करोड़ सोलह लाख पांच हजार रुपये में जीएसटी सहित लिया था। उन्होंने कहा कि ई– निविदा पोर्टल के जरिये रवेंद्र सिंह को मेला तहबाजारी का ठेका दिया गया था। ठेका नीलामी की शर्तों के मुताबिक उच्चतम बोलीदाता को तुरंत ही नीलामी की 50 प्रतिशत धनराशि जमा करनी थी। शेष 50 फीसदी धनराशि 15 दिन के अंदर जमा करनी थी, लेकिन फर्म के संचालक ने एक करोड़ सोलह लाख पांच हजार रुपये का भुगतान तय समय अवधि के तहत नहीं किया। बैंक विवरण के अनुसार ठेकेदार ने मात्र 28 लाख रुपये ही जमा किए। शेष 88 लाख पांच हजार रुपये की धनराशि बकाया है। उन्होंने कहा है कि ठेकेदार द्वारा ठेके के जरिये काफी राशि वसूली जा चुकी है मगर ठेके की धनराशि जमा नहीं की है। कोतवाली प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि प्रशासन की ओर से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। प्रशासन की ओर से हमारे साथ कोई अनुबंध नहीं किया गया था, फिर भी हमने मेले का आयोजन किया। पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर डाली गई निविदा के आधार पर हम पूरा भुगतान करने के लिए तैयार हैं। हमने एक करोड़ 16 लाख पांच हजार रुपये में टेंडर लिया था। टेंडर के अनुसार 52 लाख 65 हजार रुपये टेंट व लाइट आदि पर खर्च हुए। 28 लाख रुपये का प्रशासन को भुगतान किया गया। पांच लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट पहले ही मौजूद है। 20 लाख 88 हजार 900 हम जीएसटी जमा कर रहे हैं। शेष नौ लाख 51 हजार हम देने के लिए तैयार हैं, लेकिन प्रशासन नहीं ले रहा।

## दो जगह वोट होने पर 2935 मतदाताओं को नोटिस, एक जगह से कटवाना होगा नाम

हाथरस। हाथरस की सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में 1935 ऐसे मतदाताओं के नाम सामने आए हैं, जिनके वोट दो जगह हैं। इन सभी मतदाताओं को तहसील द्वारा नोटिस भेजे जा रहे हैं। इसके बाद मतदाताओं को अपनी सुविधा अनुसार किसी एक बूथ से अपना नाम कटवाने के लिए संबंधित बीएलओ को आवेदन देना होगा।चुनाव आम हो या खास, छोटा हो या बड़ा, अक्सर किसी न किसी बूथ पर फर्जी मतदान की सूचना मिल ही जाती है। इस तरह की अफवाह और सूचनाओं पर विराम लगाने के लिए इस बार चुनाव आयोग ने सख्त निर्देश दिए हैं। लिहाजा इस बार विधानसभा क्षेत्र के करीब तीन हजार ऐसे मतदाताओं को नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिनके नाम दो जगह दर्ज हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर बीएलओ नए वोटर बनाने के साथ–साथ नाम और पते में सुधार, मतदाता सूची से नाम हटाने आदि के कार्य कर रहे हैं। बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराई जा रही जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट और कंप्यूटर में दर्ज की जा रही है। इस दौरान सादाबाद विधानसभा क्षेत्र में 1935 ऐसे मतदाताओं के नाम सामने आए हैं, जिनके वोट दो जगह हैं। ऐसा कहा जा सकता है कि इन वोटरों को दो जगह वोट डालने का विकल्प है, जो संवैधानिक रूप से और चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार अनुचित है। ऐसे मदाताओं को नाम, पिता का नाम, पता और फोटो के आधार पर सूचीबद्ध किया गया है। इन सभी मतदाताओं को तहसील द्वारा नोटिस भेजे जा रहे हैं। इसके बाद मतदाताओं को अपनी सुविधा अनुसार किसी एक बूथ से अपना नाम कटवाने के लिए संबंधित बीएलओ को आवेदन देना होगा। इससे कि किसी तरह से फर्जी वोटिंग की संभावना को खत्म किया जा सके। कई बार मतदाता दो बूथ पर नाम होने के चलते दो–दो बार मतदान करने में सफल हो जाते हैं। एसडीएम मनीष कुमार ने बताया है कि मतदान को पूरी तरह से पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है।

# ऑस्कर ग्लोबल पब्लिक स्कूल में यातायात के नियमों के पालन को जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

शाहजहाँपुर। ऑस्कर ग्लोबल पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों का पालन को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी यातायात जगदीश लाल टमटा एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात चंद्र किरण यादव ने बच्चों को सड़क पर चलने के नियमों से अवगत कराया। कार्यक्रम में हेलमेट लगाने, सीट बेल्ट बांधने, शराब पीकर वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस एवं बिना बीमा वाहन न चलाने जैसे नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। ट्रैक्टर–ट्राली, ट्रक, मिनी ट्रक आदि में पीछे की ओर रेडियम टेप लगाए जा रहे है। स्कूल के डायरेक्टर सचिन बाथम ने कहा कि हम लोग बच्चों को इसलिये प्रेरित करते है कि वह अपने माता–पिता– भाई व सगे संबंधियों को प्रेरित करें कि वह हेलमेट अवश्य लगाए तथा कार चलाते समय



सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें जिससे कोई दुर्घटना होने पर परिवार को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन नहीं करने से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती है। दून इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर जसमीत साहनी ने कहा कि चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करें ताकि काफी हद तक वाहन दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात जगदीश लाल टमटा, प्रभारी निरीक्षक यातायात चंद्र ग्रहण यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष सचिन बाथम, दून इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर जस्मित साहनी, खुदागंज थाने के सब इंस्पेक्टर दिनेश, कांस्टेबल दीपक चौधरी एवं विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं, प्रबंध तंत्र में अवनीश सिंह, राहुल सिंह, शशांक सिंह, प्रेरणा जैन, ऋतु जैन, फरमान खान, नीरज भारती, गुलफशा अंसारी मुस्कान अंसारी, स्नेहा राठौर, आरती वर्मा, राजकुमारी, मीरा शर्मा, सुदर्शन सिंह, अमन वर्मा एवं विद्यालय समिति के समस्त सदस्य मौजूद रहे। अन्त में उप प्रधानाचार्या जिया खान ने सभी आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सुंदरकांड पाठ के 150 महीने पूर्ण होने के उपरांत हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



शाहजहाँपुर। सामाजिक सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संस्था जय भारत के संस्थापक रामकृष्ण अग्रवाल एवं सावित्री अग्रवाल की स्मृति में विश्व शांति एवं मानव कल्याण की कामना के साथ सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। वर्ष 2011 से चल रहे इस धार्मिक यात्रा के 150 महीने पूर्ण होने के उपलक्ष में एक विराट आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संस्था के अध्यक्ष राजीव कृष्ण अग्रवाल ने प्रभु श्री राम एवं विघ्नहर्ता हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात मधुर ध्वनि के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया इसके उपरांत संजीव सेठ द्वारा अपनी टीम के साथ भजनों की प्रस्तुति ने सभी भक्तों का मन मोह लिया इसके साथ ही गुरु नानक कन्या हाई स्कूल, आर्य महिला इंटर कॉलेज, सिंधिया पब्लिक स्कूल, ज्ञान कृष्णा पब्लिक स्कूल की टीमों ने एक से एक सुंदर प्रस्तुति दी। दो महीने के बालक अयांश अग्रवाल को श्री राम के बाल रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरी गई अंत में तक्षशिला पब्लिक स्कूल की टीम द्वारा राम दरबार की शानदार झांकी प्रस्तुत की गई। श्री राम सीता हनुमान लक्ष्मण भरत शत्रुधन की झांकी के पात्रों को आतिशबाजी के साथ पुष्प वर्षा करते हुए एवं जय श्री राम के उद्घोष के साथ मंच पर विराजमान किया गया जहां पर संस्था अध्यक्ष राजीव कृष्ण अग्रवाल एवं जेल अधीक्षक मिजाजीलाल ने तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण करके स्वागत किया सभी प्रतिभागी बच्चों को राम दरबार की सुंदर फोटो प्रेम भेंट करके सम्मानित किया गया। आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ समारोह का समापन किया गया। संचालन वंदना अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर उद्योगपति रामचंद्र सिंगल, सुरेश सिंगल, महिला अध्यक्ष ललित यादव, महासचिव डॉक्टर मयंक भूषण पांडे, अजय शर्मा प्रधानाचार्य शशि गुप्ता, शोभित अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, निशि अग्रवाल, कंचन मिश्रा, प्रधानाचार्य पूनम रानी पूजा अग्रवाल पराग अग्रवाल राजीव अग्रवाल रामचंद्र अग्रवाल योगेश अग्रवाल अनूप सेठ सतीश शर्मा एकता सक्सेना सहित भक्तगण मौजूद थे।

# बिजली महकमा बढ़ाएगा नलकूप के ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता

हाथरस। बिजली महकमा अब किसानों के निजी नलकूपों पर लगे ट्रांसफॉर्मरों पर ओवरलोडिंग की समस्या को दूर करेगा। इससे किसानों को बार–बार होने वाली ट्रिपिंग से भी निजात मिल जाएगी और उन्हें निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी, जिससे किसान अपनी फसलों की सिंचाई बेहतर तरीके से कर सकेंगे। करीब 339.50 करोड़ के बिजनेस प्लान के तहत विद्युत महकमा यह कार्य कराएगा। गौरतलब है कि सिंचाई के लिए मोटर आदि चालू हो जाने से ट्रांसफॉर्मरों पर भार बढ़ जाता था, जिससे लो वोल्टेज और बार–बार ट्रांसफॉर्मर जलने और खराब होने से किसान परेशान थे, जिससे फसलों की सिंचाई में भी व्यवधान पहुंच रहा था। लिहाजा, बिजली महकमे ने किसानों की सिंचाई के दौरान आने वाली इस समस्या का समाधान कर दिया है। जल्द ही ट्रांसफॉर्मरों की क्षमतावृद्धि का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। गांव उघई में उमा महाराज, गांव मांगरू में राजेंद्र, गांव मीरपुर में दाताराम के निजी नलकूप पर स्थापित 63 केवीए के ट्रांसफॉर्मर की क्षमतावृद्धि कर इसे 100 केवीए किया जाएगा। इसके अलावा गांव गढ़ी भगता में छत्तर सिंह के निजी नलकूप, गांव गढ़ उमराव में कीर्तिराम के निजी नलकूप के 25 केवीए के ट्रांसफॉर्मरों की क्षमतावृद्धि कर उन्हें 63 केवीए का किया जाएगा। गांव झगरार में प्रमोद के नलकूप के पास स्थापित 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर की ओवरलोडिंग को खत्म करने के लिए एक नया 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा। गांव सलेमपुर में कांता प्रसाद के नलकूप के पास स्थापित 100 केवीए के ट्रांसफॉर्मर के पास एक और नया 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा। गांव लोधई में भगवान सिंह और गांव धाधऊ में विनय कुमार जैन व गावं धाधऊ में निरंजनलाल, गांव लोधई में तेज सिंह, गांव धाधऊ में सनेहीराम के निजी नलकूप पर स्थापित 63 केवीए के ट्रांसफॉर्मरों को 100 केवीए का किया जाएगा।

गांव कोकना खुर्द में महादेवी और गांव मीरपुर में महावीर सिंह, गांव नगला रमजू में बृजेश और गांव सलेमपुर में पुष्पेंद्र, गांव नगलास सेवा में सत्यवीर सिंह, गांव थरौरा में भोले सिंह, गांव बागपुर में राधेश्याम, गांव लोकेरा में भगवान सिंह के निजी नलकूप पर स्थापित 25 केवीए के ट्रांसफॉर्मरों की अतिभारिता को दूर कर 63 केवीए का किया जाएगा। 339.50 करोड़ रुपये के बिजनेस प्लान के तहत किसानों के निजी नलकूपों के ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि करने का काम किया जाएगा। कुछ जगह पुराने ट्रांसफॉर्मरों के साथ नए ट्रांसफॉर्मर भी लगाए जाएंगे। इससे किसानों को बार–बार होने वाली ट्रिपिंग, लो वोल्टेज और बार–बार ट्रांसफॉर्मर फुंकने की समस्या से निजात मिल जाएगी।